### सीबीएसई 10वीं और 12वीं तथा हरियाणा बोर्ड 12 के परीक्षा परिणाम पर झूमे विद्यार्थी

# नेशनल स्कूल का 10वीं-12वीं का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट सजल के 12 वीं में 98.4 और साइंस में वृंदा ने किया टॉप

डीपीएस की सजल ने12वीं में 98.4 व आदित्य ने 10वीं में 98.4, होली मदर स्कूल की शिवांश ने 12वीं के विज्ञान संकाय में 95, न्यू हैप्पी स्कूल की आस्था ने हरियाणा बोर्ड 12वीं के वाणिज्य संकाय में 97, नेशनल स्कूल सताक्षी ने 12वीं सीबीएसई के कॉमर्स संकाय में 96, न्यू हैप्पी स्कूल की वृंदा ने 12वीं के साइंस में 96.4 और स्टार वे स्कूल के वैभव ने सर्वाधिक 88.2 प्रतिशत अंकों के साथ स्कूल को टॉप किया। छात्रों व स्टाफ ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी।



यमुनानगर। डीपीएस में बेहतर परीक्षा परिणाम पर खुशी जताते बच्चे व शिक्षक।

## डीपीएस में 12वीं में सजल शर्मा 10वीं में आदित्य गर्ग ने स्कूल में किया टॉप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

दिल्ली पब्लिक स्कूल के 12वीं तथा 10वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने शानदार परिणाम लाकर स्कूल का नाम रोशन किया है। विद्यालय की प्रधानाचार्या मनीषा सिंह ने बताया कि दसवीं कक्षा के आदित्य गर्ग ने 98.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, भाविक छिल्लर ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा आरव सिंघल ने 96 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी तरह बारहवीं कक्षा के छात्रों द्वारा भी अद्भुत प्रदर्शन करते हुए कला संकाय में सेजल शर्मा ने 98.4 प्रतिशत अंक , वाणिज्य संकाय में सक्षम अग्रवाल ने 96 प्रतिशत, नॉन-मेडिकल में सानिया कांबोज और गर्वित ने 94.2 प्रतिशत अंक और मैडिकल में मनीष सुब्बा ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। उन्होंने बताया कि विषय अनुसार अधिकतम अंक प्राप्त करने वाले छात्रों में सान्या काम्बोज, आयुष्मान, सक्षम रजक, प्रजल, साक्षी, अरुण ने हिंदुस्तानी संगीत में 100 अंक, श्रेया श्रीवास्तव, वंशिका, सुखचैन, सिया चौहान, सजल शर्मा, राधिका अग्रवाल, रिद्धिमा बलजोत्रा, प्रतीक्षा और शिवांगी ने पेंटिंग में 100 अंक, सक्षम अग्रवाल और देव मोंगा ने इकोनॉमिक्स में 99 अंक, मनोविज्ञान में सुनिधि और सजल शर्मा ने 99 अंक, योगा में नव्या वधवा, सान्या काम्बोज, सुनिधि और सजल शर्मा ने 99 अंक, देव मोंगा ने बिजिनस स्टडीज में 98 अंक, वरदान चानना, मनीष सुब्बा, गर्वित और देव मोंगा ने अंग्रेजी में 98 अंक, सिया चौहान ने पॉलिटिक्ल साईंस में 97 अंक, सैफरनजोत कौर ने कैमिस्ट्री में 96 अंक, रणवीर सिंह ने मैडिकल डायग्नोस्टिक में 95 अंक, मनीष सुब्बा व नव्या वधवा ने आई.पी. में 95 अंक, सक्षम अग्रवाल ने एकाउंटेंसी में 93 अंक, रजत ने बॉयोलॉजी में 91 अंक, सुखचैन ने इतिहास में 92 अंक, रिधिमा बलजोत्रा ने सोशोलॉजी में 90 अंक प्राप्त कर किए। स्कूल चेयरमैन रामनिवास गर्ग ने कहा कि इस वर्ष भी हर वर्ष की भाँति स्कूल का परिणाम परिणाम शानदार रहा। जिसका श्रेय विद्यार्थियों व स्टॉफ को जाता है।

## नेशनल स्कूलः कॉमर्स में सताक्षी ने 96, आट्र्स में अंशुल ने 92 व नॉन मेडिकल में कुलदीप ने 90.2% प्राप्त किए





हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शहर के दिल्ली मार्ग स्थित नेशनल पब्लिक स्कूल (कैंप) यमुनानगर का दसवीं व बारहवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शानदार रहा है। स्कूल प्रबंधक डॉ. आरएस पुंडीर ने शानदार परीक्षा परिणाम आने पर दसवीं व बारहवीं कक्षा के बच्चों व उनके अभिभावकों और अध्यापकों को बधाई दी। स्कूल प्रबंधक आरएस पुंडीर ने बताया कि सीबीएसई द्वारा जारी बारहवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में छात्रा सताक्षी ने कॉमर्स में 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शीर्ष स्थान हासिल किया। जबकि आट्र्स में अंशुल बलियान ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। कॉमर्स में निहारिका ने 92 प्रतिश, निमरदीप और गुरजोत कौर ने 90 प्रतिशत अंक हासिल किए। वहीं, नॉन मेडिकल में कुलदीप सिंह ने 90.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। कक्षा बारहवीं में 80 से अधिक विद्यार्थियों ने 85 प्रतिशत से ऊपर अंक प्राप्त किए और 90 प्रतिशत विद्यार्थियों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर प्रथम श्रेणी में स्थान प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि इस कक्षा में विषय अनुसार बायोलॉजी में 98 अंक, संगीत में 100 अंक, इकोनॉमिक्स में 97 अंक, बिजनेस स्टडीज में 98 अंक, एकाउंटेंसी में 98 अंक, गणित में 96 अंक, केमिस्ट्री में 95 अंक, फिजिक्स में 92 अंक और अंग्रेजी में 92 अंक प्राप्त किए गए।

### दसवीं कक्षा में छात्रा रुहानी ने स्कूल में पहला स्थान किया प्राप्त

स्कूल प्रबंधक डॉ. आरएस पुंडीर ने बताया कि नेशनल पब्लिक स्कूल का दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में छात्रा रुहानी ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। यश ने 94 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान और आयुषी ने 93.8 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा अक्षत कुमार ने 93.6 प्रतिशत और आयुषी ने 93 प्रतिशत अंक हासिल किए। डॉ. आरएस पुंडीर ने बताया कि दसवीं कक्षा में विषय अनुसार हिंदी में 97 अंकए अंग्रेजी में 94 अंक, गणित में 97 अंक, विज्ञान में 96 अंक, सामाजिक विज्ञान में 97 अंक और सूचना प्रौद्योगिकी में 97 अंक प्राप्त किए गए। ये परिणाम नेशनल पब्लिक स्कूल यमुनानगर की अत्याधुनिक सुविधाओं विचारपूर्ण शिक्षण पद्धतियों और व्यक्तिगत मार्गदर्शन का परिणाम हैं। जो छात्रों को उनकी पूर्ण क्षमता हासिल करने में सक्षम बनाते हैं। प्राचार्या मनीषा गौतम ने कहा कि हम कक्षा दसवीं व बारहवीं के अपने छात्रों की उल्लेखनीय उपलब्धियों पर गर्व कियां। सताक्षी,अंशुल बलियान, निहारिका, कुलदीप सिंह, निमरदीप, गुरजोत कौर, रुहानी, यश, आयुषी और अक्षत कुमार जैसे टॉपर्स ने अपनी मेहनत और समर्पण से स्कूल का नाम रोशन किया है। यह सफलता हमारे शिक्षकों के अथक प्रयासों और अभिभावकों के समर्थन का परिणाम है। इस मौके पर उप प्राचार्या डॉ. आरना ने कहा कि हमारे छात्रों ने शैक्षिक और सह.पाठ्यक्रम गतिविधियों में उत्कृष्टता दिखाई है। यह परिणाम हमारी सामूहिक दृष्टि का प्रमाण है।

## न्यू हैप्पी स्कूल सीबीएसई 12वीं का परीक्षा परिणाम शानदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

सीबीएसई द्वारा मंगलवार को घोषित 12वीं कक्षा का बोर्ड परिणाम में न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल यमुनानगर का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। स्कूल की छात्रा वृंदा ने साइंस संकाय में 96.4 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल में टॉप किया है। जबकि कॉमर्स संकाय के भारत शर्मा ने 92.2 अंक लेकर कॉमर्स में प्रथम स्थान हासिल किया है।

स्कूल की प्राचार्या डॉ. बंदु शर्मा ने बताया कि 12वीं की परीक्षा में कुल 120 बच्चों ने परीक्षा दी थी। विज्ञान संकाय की वृंदा ने सर्वाधिक 96.4 प्रतिशत अंक लेकर पहला स्थान हासिल किया। जबकि भारत शर्मा ने 92.20 प्रतिशत अंक लेकर दूसरा तथा शगुन चौहान ने 91.4 प्रतिशत अंक लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। इनके अलावा श्रूती ने 89.60, तान्या ने 89.40, नुकंत गुलाटी ने 89.20, अंकित राणा ने 89.20, भूमिका ने 89, तनिष्क व गीतांजलि ने 88.8, प्रशांत ने 88.40, आयुष रावत ने 88, तनिशा ने 87.20, शामभवी ने 87, हितेश कांबोज ने 86.8, वैभव ने 86.4, विशेष राणा ने 86, ईशिका कांबोज ने 85.8, तुषार जैन व शिवम ने 85.4 व अनुज ने 85.2, कृतिका सैनी ने 84.8, विश्वजीत सिंह ने 84.6, तनिशा वर्मा ने 84.2, दीक्षांत ने 84, शिवंग प्रजापति ने 83.6, सृष्टि ने 82.8, अन्नानीय ने 82.8, इशमीत ने 82.4, विशाल ने 82.2, अमन सिंह ने 82.2, संवी ने 82, कुणाल ने 81.8, अंजली मिश्रा ने 81.8, सृष्टि प्रजापति ने 81.8, देवंशी ने 81.6, आकर्ष ने 81.6 व निकिता ने 81.40 प्रतिशत अंक लेकर कीर्तिमान स्थापित किया।



यमुनानगर। न्यू हैप्पी पब्लिक के बारहवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहने पर बच्चों को मिठाई खिलाते हुए प्रिंसीपल डॉ. बिंदु शर्मा व अन्य अध्यापक।

### इन विषयों में हासिल किए उत्कृष्ट नंबर



छात्रा वृंदा।

प्रिंसीपल डॉ. बिंदु शर्मा ने बताया कि संगीत विषय में अभिषेक सिंगला, शगुन चौहान, विशेष राणा, शामभवि व आकर्ष ने शत प्रतिशत अंक हासिल किए। वहीं, सोनालिका सैनी, तनिशा, समीर कुमार गुप्ता, वंश, ईशिका कांबोज, वृंदा, नुकंत, तान्या, श्रूती व कृतिका सैनी ने 99 अंक हासिल कर स्कूल का नाम रोशन किया। इंग्लिश विषय में गीतांजलि ने 98, ईशिका कांबोज ने 97, वृंदा ने 97, भारत शर्मा ने 96 व अकर्ष ने 95 अंक प्राप्त किए।

फिजिक्स में वृंदा ने 95, तुषार जैन ने 90, शगुन चौहान ने 89, प्रशांत ने 88 व कुणाल ने 85 अंक प्राप्त किए। बॉयोलॉजी में गीतांजलि ने 88, शामभावी ने 80, विशेष राणा ने 78, देवंशी ने 78, नुकंत ने 77 व आदित्य शर्मा ने 75 अंक प्राप्त किए। बिजनेस स्टडीज में श्रुति ने 92, अंकित राणा ने 89, भारत शर्मा ने 88, अनन्या व तान्या ने 86 अंक प्राप्त किए। अकाउंटेंसी में श्रुति ने 91, आयुष रावत व सलोनी ने 83 अंक हासिल किए। गणित विषय में वरिंदा ने 94, आयुष रावत ने 85, तनिशा ने 83, अनुज ने 83 व प्रशांत ने 81 अंक प्राप्त किऐ। केमिस्ट्री विषय में वृंदा ने 97, वैभव ने 88, नुकंत गुलाटी ने 88, शगुन चौहान ने 87, तनिशा व अनुज ने 84 अंक प्राप्त किए।

इसी तरह फिजिकल एजुकेशन मे अर्पित जैन ने 94, हितेश कांबोज ने 93, ईशिका कांबोज ने 92, दीक्षांत ने 92, नुकंत गुलाटी ने 92, इशमीत अनुज व शिवंग ने 91, विश्वजीत सिंह, शिवम, शामभवी व तान्या ने 90 अंक प्राप्त किए। स्कूल प्रबंधक समिति के चेयरमैन जीएस शर्मा व सचिव विकास शर्मा ने सभी मेधावी बच्चों तथा उनके अभिभावकों को बधाई दी। प्रिंसीपल डॉ. बिंदु शर्मा ने बच्चों की इस उपलब्धि का श्रेय उनके अभिभावकों तथा अध्यापकों को दिया।

## शानदार रहा होली मदर स्कूल का 12वीं का परिणाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर




होली मदर पब्लिक स्कूल यमुनानगर का दसवीं व बारहवीं कक्षा का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। बेहतर परिणाम आने पर विद्यार्थियों में खुशी की लहर उमड़ पड़ी व उन्होंने एक-दूसरे को व अध्यापकों को बधाई दी।

प्रधानाचार्या मोनिका कश्यप ने सभी बच्चों को बधाई दी और बताया कि बारहवीं कक्षा के विज्ञान संकाय में शिवांश ने सर्वाधिक 95 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। जबकि वाणिज्य संकाय में प्रिया ने 94 प्रतिशत तथा कला संकाय में मंजुल ने 90 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल का नाम रोशन किया। उन्होंने बताया कि कुल 36 विद्यार्थियों ने मेरिट श्रेणी हासिल की। उन्होंने बताया कि म्यूजिक में पोरस ने 100 अंक, इकॉनोमिक्स में प्रीती ने 96 अंक, अंग्रेजी में रिधिमा ने 95 अंक, बायोलोजी में रोहित ने 86 अंक, फिजिकल एजुकेशन में प्रिया ने 95 अंक, फिजिक्स में शिवांश ने 92 अंक, कैमिस्ट्री में शिवांश ने 94 अंक, हिन्दी में मंजुल ने 95 अंक व गणित में शिवांश ने 94 अंक तथा हिस्ट्री में कंवल ने 85 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

प्राचार्या ने बताया कि दसवीं में कुल 70 बच्चों ने बोर्ड की परीक्षा दी जिनमें से 40 विद्यार्थी मैरिट में रहे। आदित्य वर्मा 93 प्रतिशत अंक लेकर विद्यालय में प्रथम स्थान पर रहा। वहीं आकाश 91 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय व साक्षी 90 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान पर रही। प्रधानाचार्या ने इस शानदार परीक्षा परिणाम के लिए विद्यार्थियों तथा अध्यापकगण को बधाई दी।

## वाणिज्य संकाय में 97 % अंक लेकर आस्था प्रथम



यमुनानगर। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी का न्यू हैप्पी सीनियर सेकेंडरी स्कूल 12वीं कक्षा का परिणाम शत प्रतिशत रहा। इस बार लड़कियों ने हर क्षेत्र में अपना परचम लहराया। वाणिज्य संकाय की छात्र आस्था ने सर्वाधिक 97 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल में अव्वल स्थान हासिल किया। कला संकाय में सिमरन 88.8 प्रतिशत तथा विज्ञान संकाय में प्राची शर्मा 88.4 प्रतिशत अंकों के साथ स्कूल में प्रथम स्थान पर रही।

स्कूल चेयरमैन जीएस शर्मा ने बताया कि मंगलवार को हरियाणा बोर्ड के 12वीं के परीक्षा परिणाम में स्कूल का परिणाम शत प्रतिशत रहा। वाणिज्य संकाय की छात्र आस्था ने 97 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल में पहला, भूमिका ने 96.6 प्रतिशत अंक लेकर दूसरा तथा साक्षी ने 90.8 प्रतिशत अंक लेकर तीसरा स्थान हासिल किया। गुरसिमरन कौर ने 86.8, मुस्कान ने 86.4, मुस्कान ने 84.8, मीनाक्षी ने 84.6, गुरनाम सिंह ने 83.8, अमृत सिंह ने 83.6, स्नेहा ने 80.6, गुरदेव सिंह ने 80.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। विज्ञान संकाय में प्राची शर्मा ने 88.4 प्रतिशत, अभिषेक ने 88, समीर पाल ने 87.2, नेहा ने 87, सलोनी ने 84.4, कृतिका ने 83 तथा नितिन कुमार ने 81 प्रतिशत अंक अर्जित किए। गणित में 100, अकाउंटेंसी में 99, फिजिकल एजुकेशन में 99, कंप्यूटर साइंस में 98, बिजनेस स्टडीज में 97, इंगलिश में 95 तथा राजनीतिक विज्ञान में 95 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। प्राचार्या कमलेश सिक्का ने सभी मेधावी विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर बधाई दी। यह बच्चों की मेहनत व अध्यापकों की लग्न का परिणाम है जो बच्चों ने यह मुकाम हासिल किया है।




## स्टार वे खुर्दी स्कूल का 12वां का परिणाम शत प्रतिशत

यमुनानगर। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा जारी 12वीं कक्षा के परिणाम में स्टार वे वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खुर्दी का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। प्राचार्या दीप माला कांबोज ने बताया कि कुल 61 बच्चों ने परीक्षा दी थी जिनमें 24 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक, 33 विद्यार्थियों ने 70 प्रतिशत से अधिक तथा चार विद्यार्थियों ने 60 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किए। उन्होंने बताया कि वैभव ने सर्वाधिक 88.2 प्रतिशत अंक लेकर पहला, सिमरन ने 87.8 प्रतिशत अंक लेकर दूसरा तथा शिवानी ने 86.6 प्रतिशत अंक लेकर तीसरा स्थान हासिल किया। इसी तरह पलक ने 86.2 प्रतिशत, शानवी ने 86 प्रतिशत, आकांक्षा व शगुन ने 85.6 प्रतिशत, जानवी ने 85.2 प्रतिशत, पारुल ने 85.2 प्रतिशत, नितेश व सुखविंद्र ने 84.4 प्रतिशत अंक अर्जित कर स्कूल का नाम रोशन किया। प्रधानाचार्या ने सभी बच्चों को परीक्षा परिणाम पर बधाई दी तथा अध्यापकों की कठिन मेहनत को इसका श्रेय दिया। स्कूल की चेयरपर्सन स्नेह लता ने आने वाले सत्र के लिए भी विद्यार्थियों को और अधिक मेहनत करने का आह्वान किया।

**खबर संक्षेप**

### रंजिश के चलते खेतों में पिता-पुत्र पर किया हमला

यमुनानगर। गांव ताहरपुर कलां में रंजिश के चलते पांच लोगों ने पिता-पुत्र पर खेतों में घुसकर हमला कर दिया। घायलों का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद पांचों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव ताहरपुर कलां निवासी अशोक कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका कुछ दिन पहले गांव के ही गुरमेज व नरेश के साथ जमीन को लेकर विवाद हो गया था। जिसके बाद से आरोपी उससे रंजिश रखने लगे। अशोक कुमार ने बताया कि 10 मई को सुबह आठ बजे वह अपने लड़के रितिक के साथ खेतों में काम कर रहा था। इस दौरान आरोपी गुरमेज व नरेश ने अपने परिवार के सदस्यों प्रदीप, सागर व चेतन के साथ मिलकर उन दोनों पर तलवार, लोहे के पाइप व डंडों से हमला कर दिया। जिससे वह दोनों घायल हो गए। शोर सुनकर जब अन्य लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। शिकायत के बाद पुलिस ने मामले की जांच के बाद सभी आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## आज प्राथमिक चिकित्सा की जानकारी सभी के लिए जरूरी

यमुनानगर। न्यू हैप्पी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मंगलवार को कार्यशाला का आयोजन किया गया। बच्चों को प्राथमिक चिकित्सा के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही प्रायोगिक रूप से बच्चों को कई आवश्यक टिप्स भी दिए गए। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में स्कूल के चेयरैन जीएस शर्मा ने भाग लिया। फ्रलीट मैनेजर सचिन शर्मा, ईएमटी नीतू दुआ, समीर, अंशुमन व बीरबल की टीम ने बच्चों को आपात स्थिति में प्राथमिक चिकित्सा की जानकारी दी।



उन्होंने बताया कि यदि कहीं पर भी अचानक से कोई दुर्घटना आदि हो जाती है तो ऐसे में हम किस प्रकार से मरीज को प्राथमिक उपचार दे सकते हैं। सचिन शर्मा व नीतू दुआ ने बच्चों को प्रैक्टिकल के माध्यम से दुर्घटनाग्रस्त मरीज को कृत्रिम सांस देने, हार्ट को एक्टिवेट रखने, हड्डी टूटी होने पर दिए जाने वाले उपचारों की जानकारी दी। मौके पर बच्चों ने भी अपने मन में आने वाले प्रश्नों के जवाब हासिल किए। स्कूल चेयरमैन जीएस शर्मा ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा आई टीम का आभार जताया। उन्होंने कहा कि आज के समय में प्राथमिक चिकित्सा की जानकारी हर किसी को होना बहुत जरूरी है। ऐसे में विभाग द्वारा अभियान चलाकर जानकारी दी। प्राचार्या कमलेश सिक्का ने कहा कि यदि मरीज को समय रहते प्राथमिक उपचार मिल जाए तो उसकी जान बचाई जा सकती है।

## गोसांई पंथ का दो दिवसीय यज्ञ मेले का समापन

राद‍ौर। गोसांई पंथ द्वारा रादौर के वार्ड संख्या पांच में श्री सिद्ध बाबा साईं दास व उनके अवतारी पुत्र के निर्वाण दिवस के उपलक्ष्य में चल रहे दो दिवसीय यज्ञ मेले का समापन हो गया। समापन अवसर पर हवन यज्ञ, पूजन, सत्संग संकीर्तन, भजन संध्या व भंडारा किया गया।

सिद्ध बाबा साईं दास के वंशज सुरेश गोसाईं ने बताया कि सिद्ध बाबा साईं दास रामानुजाचार्य वैष्णव सम्प्रदाय के ब्रह्म ज्ञानी संत थे। वह गुरू नानक देव जी के समकालीन थे। बाबा सांईदास के यहां उनके पुत्र रामानन्द के रूप में स्वयं भगवान नारायण ने अवतार लिया। साईं दास का जन्म पंजाब के बद्धो की गोसाईयां



(पाकिस्तान) में हुआ था। वैशाख मास शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी व पूर्णिमा को दो दिवसीय यज्ञ मेला लगता था। इस दौरान तत्कालीन सरकार द्वारा दो दिन का राजकीय अवकाश रहता था। विभाजन के बाद बाबा सांईदास के अनुयायी भारत आ गए। उसी परंपरा को गोसाईं पंथ से जुड़े श्रद्धालु आज भी निभा रहे हैं।



### छबील लगाकर राहगीरों को पिलाया ठंडा मीठा जल

राद‍ौर। राद‍ौर के नगरपालिका मार्ग पर रवि प्रजापत बकाना समेत अन्य श्रद्धालुओं ने मीठे पानी की छबील लगाकर राहगिरों की प्यास बुझाई। इस दौरान सुबह से लेकर शाम तक हजारों श्रद्धालुओं ने छबील पर मीठा जल पिया। समाज सेवी रवि प्रजापत ने बताया कि लोगों की सेवा करने के लिए उनकी ओर से छबील लगाई गई है। उन्होंने बताया कि करीब एक सप्ताह से लगातार गर्मी का प्रकोप बढ़ रहा है। जिस कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गर्मी में राहगिरों की प्यास बुझाना पुण्य का काम है। उन्होंने बताया कि छबील में राहगीरों को रोक-रोककर ठंडा व मीठा पानी पिलाया गया। जिसकी सभी ने सराहना की। मौके पर श्रद्धालुओं ने बताया कि गर्मी के दौरान लोगों को मीठा पानी पिलाने से पुण्य की प्राप्ति होती है। जो कि अनमोल है। उन्होंने बताया कि जो लोग छबील पर आने में असमर्थ दिखाई दिए।

## जिले के विकास पर खर्च होंगे 3 करोड़

- राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा ने पार्टी कार्यकर्ताओं की ली बैठक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



भाजपा कार्यालय यमुना कमल में मंगलवार को भाजपा जिला पदाधिकारियों एवं मंडल अध्यक्षों की बैठक आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता जिला प्रधान राजेश सपरा ने की। बैठक में मुख्यातिथि के रूप में राष्ट्रीय महिला आयोग की पूर्व चेयरपर्सन एवं राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा उपस्थित हुए। जबकि विशिष्ट अतिथि के तौर पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष बंतो कटारिया, विधायक घनश्याम दास अरोड़ा व मेयर सुमन बहमनी मौजूद रही।

राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा ने भाजपा जिला पदाधिकारियों व मंडल अध्यक्षों के साथ एमपी लैड फंड से होने वाले विकास कार्यों पर चर्चा की। उन्होंने महिला पार्षदों व पदाधिकारियों से महिलाओं की राजनीति में भागीदारी को लेकर संवाद किया। उन्होंने जिला पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों और महिला पार्षदों से उनके क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने कार्यकर्ताओं से जमीनी स्तर पर विकास के लिए सुझाव प्राप्त किए । ताकि आगामी योजनाएं और प्रभावी बना सकें। उन्होंने कहा कि राज्यसभा सांसद होने के नाते उन्हें मिलने वाली सांसद निधि कोष से वह जिले में इस साल लगभग तीन करोड़ रुपये के विकास कार्यों के लिए भाजपा पदाधिकारियों के साथ मिलकर योजनाएं बना रही है। इस मौके पर महामंत्री कृष्ण सिंगला, मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग, जिला उपाध्यक्ष रामपाल व जिला उपाध्यक्ष विनीत कौर मौजूद रहे।

## युवक ने घर में घुसकर युवती के साथ किया दुष्कर्म, केस

- परिवार की गैरमौजूदगी में घर पर जबरदस्ती किया था दुष्कर्म।

यमुनानगर। शहर की एक कॉलोनी में युवक ने घर में घुसकर युवती के साथ दुष्कर्म किया। मामला अगस्त 2024 का है। आरोपी फिर से पीड़िता का ब्लैकमेल कर संबंध बनाने का प्रयास कर रहा था। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार शहर की एक कॉलोनी निवासी 29 वर्षीय युवती ने बताया कि उसकी अमन नामक युवक के साथ जान पहचान थी। 12 अगस्त 2024 को उसका परिवार किसी काम से बाहर गया था। वह घर पर वह अकेली थी। इस दौरान अमन उसके घर आया। जहां उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया। आरोपी ने किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद आरोपी वहां से चला गया। उसने डर के कारण घटना के बारे में किसी को नहीं दिया। पीड़ति ने बताया कि इसके बाद आरोपी उसे ब्लैकमेल कर उस पर संबंध बनाने का दबाव बनाने लगा। परेशान होकर उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड का 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित

# 6,624 ने दी परीक्षा, 5,775 रहे उत्तीर्ण, 736 की कम्पार्टमेंट और 113 रहे नॉन क्वालीफाई

**87.18 प्रतिशत रहा जिले का परीक्षा परिणाम**

- जय भारती विद्या मंदिर का हरियाणा बोर्ड का 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम इस वर्ष भी शत प्रतिशत रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा मंगलवार को 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया जिसमें जिला का परीक्षा परिणाम 87.18 प्रतिशत रहा। जिला के 6624 विद्यार्थियों ने 12वीं कक्षा की परीक्षा दी थी जिसमें से 5775 विद्यार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण की। 736 विद्यार्थियों की कम्पार्टमेंट रही व 113 विद्यार्थी नॉन क्वालीफाई रहे। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम मंगलवार को घोषित किया गया इसमें जय भारती विद्या मंदिर का हरियाणा बोर्ड का 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम इस वर्ष भी शत प्रतिशत रहा। इस बार हमारे विद्यालय से कुल 26 विद्यार्थियों ने कक्षा 12वीं के बोर्ड की परीक्षा दी जिसमें से वंशिका ने 89%, वंदना ने 86% और अनामिका ने 84% लेकर विद्यालय में प्रथम, द्वितीय में तृतीय स्थान प्राप्त किया । कुल पांच विद्यार्थी मैरिट में स्थान बनाने में सफल रहे। विद्यालय के 7 विद्यार्थियों ने 70% से 80% के बीच अंक हासिल किये तथा विद्यालय के 14 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी से परीक्षा उत्तीर्ण की। इस अवसर पर विद्यालय के निर्देशक श्री ओम गोपाल शर्मा तथा प्राचार्या श्रीमती नेहा शर्मा ने शिक्षकों व विद्यार्थियों का मुंह मीठा करवा कर बधाईयां दी व अन्य विद्यार्थियों को भी इसी तरह मेहनत कर सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय में सभी विद्यार्थियों को मिठाई का वितरण किया गया तथा विद्यार्थियों ने भी नृत्य के माध्यम से अपनी खुशी जाहिर की।





## गीता कन्या विद्यालय की 51 छात्राओं ने मेरिट में पाया स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- मुस्कान ने प्रथम, दिव्या ने द्वितीय व साक्षी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा द्वादश कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया इसमें गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की कुल 74 छात्राओं का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। वाणिज्य संकाय में छात्रा मुस्कान ने 89.8 % अंक लेकर प्रथम, दिव्या ने 89.6 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय, साक्षी ने 89.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कला संकाय में छवि ने 93.2% अंक लेकर प्रथम, भूमिका ने 89% अंक लेकर द्वितीय, प्रियंका ने 88.6% अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। नॉन मेडिकल में प्राची ने 90.6 % अंक प्राप्त कर प्रथम, नमन ने 85.8 % अंक लेकर द्वितीय, जैस्मीन ने 85.6 % अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की कुल 51 छात्राओं ने मेरिट में अपना स्थान बनाया और विद्यालय परिवार को गौरान्वित किया। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह कलेर, उपाध्यक्ष डॉ जितेंद्र कुमार, प्रबंधक बलबीर प्रकाश, कोषाध्यक्ष सुरेश सैनी, शिक्षाविद् डॉ हरि प्रकाश शर्मा, सदस्य डॉ सौरभ त्रिखा एवं सदस्य डॉ राजेश अग्रवाल, महिला प्रतिनिधि श्रीमती अंजलि शर्मा , प्रांत प्रतिनिधि संजय चौधरी, प्राचार्या सुमन बाला व सभी अध्यापिकाओं ने छात्राओं तथा उनके अभिभावकों को सफलता के लिए बधाई दी व उनका मुंह मीठा करवाया तथा भविष्य में भी इसी प्रकार अपने विद्यालय एवं अभिभावकों का नाम रोशन करने की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विद्यालय की अध्यापिकाएं अंजु बंसल, पिंकी जैन, वषार्ली, रश्मि, अंजना, सुधा, महक, ममता चावला, शिल्पा, सोनिया, सुनैना उपस्थित रहीं।

## नवयुग स्कूल का दसवीं तथा बारहवीं कक्षा का शानदार परीक्षा परिणाम



कुरुक्षेत्र। खुशी मनाते नवयुग स्कूल के बच्चे।

**कुरुक्षेत्र।** 1981 में स्थापित नवयुग सीनियर सेकेंडरी स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहा है । सी. बी. एस. ई. द्वारा घोषित दसवीं तथा बारहवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कक्षा दशम में 130 विषयवार मेरिट तथा सभी विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा। 20 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक लेकर मेरिट में स्थान पाया , 35 विद्यार्थियों ने 75 प्रतिशत से अधिक ,40 विद्यार्थियों ने 70 प्रतिशत से अधिक एवंअन्य सभी विद्यार्थियों ने 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। एंजल ने 473 अंक लेकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया, दीपांशी ने 460 अंक लेकर द्वितीय एवं ईशा और भानु ने 448 अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा बारहवीं में 103 विषयवार मेरिट तथा सभी विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा ।19 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक लेकर मेरिट में स्थान पाया, 32 विद्यार्थियों ने 75 प्रतिशत से अधिक, 53 विद्यार्थियों ने 70 प्रतिशत से अधिक एवं अन्य सभी विद्यार्थियों ने 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। एलिस ने 466 अंक लेकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया , प्राची पाहुजा 464अंक लेकर द्वितीय एवं श्रेया कंबोज 455 अंक लेकर तृतीय स्थान पर रहीं। इन विद्यार्थियों ने विद्यालय व परिवार का नाम रोशन किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य व अध्यापकों ने विद्यार्थियों को मिठाई खिलाई।

## खालसा स्कूल के 6 विद्यार्थियों ने मेरिट में बनाई जगह

**कुरुक्षेत्र।** शाहाबाद के खानेवाल खालसा स्कूल ने एक बार फिर शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 12वीं कक्षा का शानदार परीक्षा परिणाम दर्ज किया है। स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। इस उपलब्धि की जानकारी देते हुए स्कूल के प्रधान विक्की भिंडर ने बताया कि इस वर्ष 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने मेहनत, लगन और अनुशासन से पढ़ाई करते हुए यह मुकाम हासिल किया है। उन्होंने बताया कि स्कूल के 6 विद्यार्थियों ने मेरिट में अपना स्थान बनाकर स्कूल और क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। इसके अलावा 29 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में और 22 विद्यार्थियों ने द्वितीय श्रेणी में परीक्षा पास की है। उन्होंने बताया कि साइंस संकाय में स्नेहा ने 92 प्रतिशत, कॉमर्स संकाय में प्रियांशी ने 81 प्रतिशत और रजत ने 77 प्रतिशत, आर्टस संकाय में प्रभजोत ने 88 प्रतिशत, तनवीर ने 85 प्रतिशत और स्नेहा ने 78 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। प्रधान विक्की भिंडर ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों की समर्पित शिक्षा प्रणाली और अभिभावकों के निरंतर सहयोग का परिणाम है। उन्होंने सभी सफल विद्यार्थियों को उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और आशा जताई कि आगे भी स्कूल इसी तरह शैक्षणिक उपलब्धियों में आगे रहेगा। इस अवसर पर स्कूल स्टाफ और प्रबंधन समिति ने भी विद्यार्थियों की सफलता पर खुशी जताते हुए उनका उत्साहवर्धन किया।

## महंत प्रभात पुरी कन्या विद्यालय का परिणाम शत प्रतिशत

**कुरुक्षेत्र।** झांसा रोड़ श्याम कालोनी स्थित महंत प्रभात पुरी कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की बारहवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम एक बार फिर शत प्रतिशत रहा। प्राचार्य भजन राठोर ने बताया कि इस बार कुल 21 छात्राओं ने इस परीक्षा में भाग लिया था जिसमें 6 बच्चों ने 80 से 89 प्रतिशत अंक तथा 10 बच्चों ने 70 से 80 प्रतिशत अंक लेकर इतिहास रचा। अन्य सभी छात्राएं भी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुई। राठोर ने बताया कि समीक्षा 445 अंक प्राप्त कर प्रथम, जसमीत कौर 426 अंको से द्वितीय तथा आशीष कौर प्रत्येक 419 अंक लेकर तृतीय स्थान पर रही। समीक्षा के शारीरिक शिक्षा में 99, पंजाबी में 95 के अतिरिक्त रजनी, हर्षिता, आशीष व कशिष ने अलग अलग-अलग विषयों में 97 से 99 अंक हासिल कर के कीर्तिमान स्थापित किया। विधालय अध्यक्ष महंत वंशी पुरी जी महाराज व कोषाध्यक्ष महंत लक्ष्मी नारायण पुरी महाराज ने सर्वश्रेष्ठ परीक्षा परिणाम देने पर प्राचार्य व स्टाफ को बधाई व शुभकामनाएं दी। प्रबंधक सुनील सचदेवा ने भी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि स्टाफ व बच्चों की कड़ी मेहनत का परिणाम है। इस अवसर पर उप प्रबंधक रमेश सचदेवा,उप प्राचार्य मंजुला शर्मा, डा संतोष शर्मा,रेखा धीमान, सरिता शर्मा, ज्या वत्स, हैड टीचर सुशीला देवी,अनु पाहवा, अनिता वालिया, सुमन धीमान, तमन्ना धमीजा , मनप्रीत वर्मा, ज्योति रानी, कुसुम शर्मा,मोनिका माटा, अनूप शर्मा, आलिषा अरोडा, बिंदु , पिंकी रानी, सीमा शर्मा, मधु शर्मा व महेंद्र सैनी आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।


कुरुक्षेत्र। महंत प्रभातपुरी स्कूल की छात्राएं व शिक्षकगण।

## गुरुकुल के प्रशांत ने 10वीं में 98.8 प्रतिशत व 12वीं में कॉमर्स संकाय के प्रिंस ने 96.6 प्रतिशत अंक किए हासिल

**कुरुक्षेत्र।** गुरुकुल कुरुक्षेत्र के ब्रह्मचारियों ने पुनः अपनी विलक्षण प्रतिभा को दर्शाते हुए सीबीएसई द्वारा जारी 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणामों में शानदार सफलता अर्जित की है। दोनों कक्षाओं में गुरुकुल के सभी छात्र मेरिट से पास हुए। 10वीं में प्रशान्त नरवाल ने 98.6 प्रतिशत तथा 12वीं में प्रिंस ने 96.6 प्रतिशत अंकों के साथ गुरुकुल टॉप किया है। गुरुकुल के निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार, प्राचार्य सूबे प्रताप ने शानदार परीक्षा परिणाम पर परीक्षा नियंत्रक रमेश चंद सहित समस्त अध्यापक स्टाफ एवं संरक्षक मंडल को बधाई दी है। गुजरात के राज्यपालश्री आचार्य देवव्रत ने भी छात्रों के उत्कृष्ट परिणाम पर सभी छात्रों एवं गुरुकुल परिवार को बधाई दी है। निदेशक डॉ. प्रवीण कुमार ने बताया कि 10वीं में 33 छात्रों ने 95 प्रतिशत, 107 बच्चों ने 90 प्रतिशत तथा 193 बच्चों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किये हैं। विषयवार अधिकतम अंक की बात करें तो गुरुकुल के 11 छात्रों ने संस्कृत में 100 प्रतिशत अंक हासिल किये हैं, इसी प्रकार 6 छात्रों ने गणित में, 6 छात्रों ने सामाजिक विज्ञान में, 4 छात्रों ने हिन्दी में तथा 4 छात्रों ने ही साइंस में 100-100 अंक हासिल कर अपने गुरुजनों का मान बढ़ाया है। 10वीं में गुरुकुल टॉप करने वाले प्रशान्त नरवाल ने हिन्दी, संस्कृत, सामाजिक विज्ञान में 100-100 अंक, गणित में 98 और विज्ञान में 96 अंक प्राप्त किये हैं। 12वीं के परीक्षा परिणाम पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया कि कॉमर्स में 96.6 प्रतिशत अंकों के साथ प्रिंस ने टॉप किया, वहीं नॉन मेडिकल में 96.2 प्रतिशत अंकों के साथ शौर्यप्रताप और मेडिकल में 95.6 प्रतिशत अंकों के साथ रितेश कुमार ने टॉप किया। ओवरऑल रिजल्ट की बात करें तो 12वीं में 6 बच्चों ने 95 प्रतिशत से अधिक, 35 बच्चों ने 90 प्रतिशत से अधिक तथा 131 बच्चों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये हैं। गुरुकुल के सभी 190 छात्र मेरिट से उत्तीर्ण हुए। उन्होंने बताया कि कॉमर्स के टॉपर प्रिंस ने अंग्रेजी में 90, फिजिकल एजुकेशन में 100, अकाउंट में 99, इकोनॉमिक्स में 96 तथा बिजनेस स्टडीज में 99 अंक हासिल किये। नॉन मेडिकल के टॉपर शौर्य प्रताप ने संस्कृत में 100, गणित में 96, अंग्रेजी, भौतिकी तथा रसायन विज्ञान में 95-95 अंक प्राप्त किए।



## न्यूज डायरी



## अक्षरा स्कूल के छात्र तनिश ने पाए 99 प्रतिशत अंक

**पिहोवा।** सीबीएसई द्वारा घोषित 10 वीं व 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में अक्षरा इंटरनेशनल स्कूल पिहोवा के विद्यार्थियों ने बाजी मारी है क स्कूल की चेयरपर्सन पूनम काहड़ा ने बताया कि कक्षा दसवीं के छात्र तनिश गोयल ने सीबीएसई बोर्ड में 99% प्रतिशत अंक लेकर विद्यालय और अपने माता-पिता का नाम रोशन किया। एमडी जन्नत काहड़ा व स्कूल प्रधानाचार्य शोबे मैथ्यू ने उतरणीय हुए बच्चों, अभिभावकों व शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि अक्षरा इंटरनेशनल स्कूल का रिजल्ट रहा शत प्रतिशत (100%) 12वीं कक्षा के बच्चों ने शानदार जीत हासिल की। उन्होंने परीक्षा परिणाम बारे जानकारी देते हुए बताया कि उदीता ने 97.6%, वान्या ने 96.8%, तरुन पांडवान ने 95.7%, हर्ष ने 91.4% , तावीशी ने 90.8%, युवराज ने 90.6%, राघव गर्ग ने 90.6% तथा रिद्धि ने 90.4% कक्षा 10 वीं के पार्थ अरोड़ा 97.8%, जतिन मलिक 97/4 % मनरूप कौर 96/6 %नाज महेता 96/4% आयन सिंधवानी 95/4% सहना तिवारी 95/2% अंक प्राप्त करके विधालय का गौरव-मान बढ़ाया । इस खुशी के मौके पर स्कूल के द्वारा छात्रों मे मिठाइयाँ बाँटी गई। , स्कूल चेयरपर्सन व सभी अध्यापकों के द्वारा बच्चों को मिठाई खिलाकर उनका मुंह मीठा किया।

## महाराणा प्रताप स्कूल की छात्रा मानीता ने पाए 99.4 प्रतिशत अंक




**कुरुक्षेत्र।** महाराणा प्रताप पब्लिक स्कूल कुरुक्षेत्र की दसवीं कक्षा की छात्रा मानीता सिंह ने 99.4 प्रतिशत एव आदित्य करमबीर शर्मा ने 99.2 प्रतिशत अंक प्राप्त करके नया कीर्तिमान स्थापित किया। कक्षा दसवीं में 305 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिनमें से 100 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करके विद्यालय तथा अभिभावकों का गौरवान्वित किया। 229 विद्यार्थियों ने 75 प्रतिशत तथा इससे अधिक अंक प्राप्त करके मेटिर सूची में जगह बनाई। दशमी कक्षा की भाति 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम भी उत्तम रहा। कॉमर्स स्ट्रीम में भावना ने 98.6 प्रतिशत अंक प्राप्त करके नया कीर्तिमान स्थापित किया। नॉन मेडिकल संकाय में एंजेल और केशव वशिष्ठ ने 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त करके विद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार मेडिकल संकाय में सांची ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त किए और आटर्स संकाय में करिश्मा ने 91 प्रतिशत अंक लेकर विद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य प्रतिमा शर्मा ने विद्यालय परिवार के सदस्यों, अभिभावकों तथा विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## ग्लोब हेरिटेज का परिणाम शत प्रतिशत

**लाडवा।** ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल का दसवीं व बारहवीं का परिणाम शत प्रतिशत रहा। स्कूल की प्रधानाचार्या रीतू सिंगला ने जानकारी देते हुए बताया कि सीबीएसई द्वारा घोषित बारहवीं व दसवीं के परिणाम में ग्लोब हेरिटेज के विद्यार्थियों ने न केवल शत प्रतिशत परिणाम के साथ परचम लहराया बल्कि दसवीं कक्षा में 11 बच्चों ने मेरिट में स्थान हासिल करके स्कूल का नाम रोशन किया। बारहवीं कक्षा में अपूर्वा सिंघल ने 90% अंक हासिल करके प्रथम स्थान हासिल किया और दसवीं कक्षा में तन्वी ने 96% अंक के साथ प्रथम, देवशी शर्मा ने 95% अंक के साथ द्वितीय और चेष्टा ने 93% अंक हासिल करके तृतीय स्थान हासिल किया। सूचना एवं तकनीकी विषय में देवशी व तन्वी ने 100 अंक हासिल करके स्कूल का नाम रोशन किया वहीँ चेष्टा ने 99, गुरिंदर कौर ने 98, सारांश सांगवान ने 97, नैतिक चानना ने 95, भूमिका व अनमोल ने 93, राधिका ने 92 व केशव लालर ने 90 अंक प्राप्त किये। हिंदी विषय में देवशी ने 95, तन्वी ने 95, चेष्टा ने 91 अंक हासिल किये। अंग्रेजी विषय में तन्वी ने 92 अंक हासिल किये। विज्ञान में देवशी ने 96, चेष्टा ने 91, तन्वी ने 90 अंक हासिल किये। सामाजिक विज्ञान में देवशी ने 96, तन्वी, भूमिका व चेष्टा ने 92 गुरिंदर ने 90 अंक हासिल किये।






## बीआर स्कूल की रिया ने पाए 97.2 प्रतिशत अंक

**कुरुक्षेत्र।** बीआर इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में सी.बी.एस.ई. के द्वारा कक्षा बारहवीं एवं कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम आते ही पूरे विद्यालय परिसर में खुशी की लहर दौड़ गई। कक्षा बारहवीं में आर्टस में रिया पांचाल 97.2 प्रतिशत अंक लेकर टॉपर रही, साईंस में मोहित 92 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान तथा कॉमर्स में जैसलीन एवं रिया 90 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम स्थान पर रही। कक्षा दसवीं 90 प्रतिशत से ऊपर 07, 80 प्रतिशत से ऊपर 17, 70 प्रतिशत से ऊपर 54, 70 प्रतिशत से नीचे 52 विद्यार्थी रहे। कक्षा दसवीं की छात्रा हरप्रीत कौर ने 96.2 प्रतिशत अंक हासिल कर टॉपर होने का गौरव प्राप्त किया। विद्यालय प्रबंधन समिति के चेयरमैन दीपक चोपड़ा ने सभी छात्रों को इस शानदार परिणाम पर हार्दिक बधाई देने के साथ उन्हें उनके उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएँ दी। विद्यालय प्राचार्या श्रीमती पूजा कंबोज ने इस अभूतपूर्व परिणाम पर सभी छात्रों को हार्दिक बधाई।

## दसवीं बोर्ड परीक्षा में गीता निकेतन के 236 छात्रों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा की उत्तीर्ण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

गीता निकेतन आवासीय विद्यालय, कुरुक्षेत्र के विद्यार्थियों ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में एक बार फिर अपनी मेधा का लोहा मनवाया। विद्यालय के कुल 279 परीक्षार्थियों में से 236 छात्रों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की। इनमें से 150 विद्यार्थियों ने मैरिट सूची में स्थान प्राप्त किया, जबकि 49 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रौशन किया। विद्यालय की छात्रा विधि कपूर ने 99.2% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, छात्रा कशिश कौशिक ने 98.4 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय स्थान और छात्र जीवितेश गुप्ता ने 97.6 अंक के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। संस्कृत विषय में विधि कपूर, कशिश कौशिक, जीवितेश गुप्ता, ओमना गोहिल, संजीवनी, मीनल, अक्षरा, देवांश सैनी, यजस रावल, अभिनव सैनी और साहिल ने 100 में से 100 अंक प्राप्त कर विषय में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। सामाजिक विज्ञान में विधि कपूर ने 100 में से 100 अंक वहीं गणित विषय में छात्र महरगो नाथ ने 100 में 100 अंक प्राप्त किए। विज्ञान विषय में छात्रा विधि कपूर और संजीवनी ने 99 अंक प्राप्त किए। कशिश कौशिक ने हिन्दी में 98 अंक तथा अंग्रेजी में 99 अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। विद्या भारती हरियाणा प्रांत अध्यक्ष डॉ. ऋषिराज वशिष्ठ, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉ. घनश्याम शर्मा, प्रबंधक पवन गुप्ता, कोषाध्यक्ष रणधीर वालिया, प्राचार्य नारायण सिंह ने छात्रों तथा अभिभावकों को शुभकामनाएं प्रदान कर विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



## सतलुज स्कूल के विद्यार्थी साकेत ने विद्यालय में किया टॉप

**शाहबाद।** मंगलवार को घोषित हुए सीबीएसई के कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम मे सतलुज स्कूल के विद्यार्थियों ने बल्ले-बल्ले कराई। यह जानकारी देते हुए प्राचार्य डॉक्टर आरएस घुम्मन ने बताया कि विद्यार्थी संकाय के छात्र साकेत ने 97.2% अंक प्राप्त करके विद्यालय में टॉप किया। इसके अलवा पलक ने 88.2%, रिदमदीप ने 86.8% सलोनी 84.2, वंश गोयल 80.8%, अभिषेक हरी 77.2%, आशीष 74.6%,हिमानी ने 73.6% खुशी ने 73.2% प्रीतपाल सिंह ने 71.4% ने अंक लेकर विद्यालय का नाम रोशन किया ' इसी प्रकार साइंस का परिणाम भी 100% रहा हरमनजीत कौर ने 91% अंक लेकर विद्यालय, माता पिता और सभी अध्यापकों का नाम रोशन किया इसके अतिरिक्त हर्ष प्रीत कौर ने 89%, माही सोई 87. 8%, छाया ने 87.2%, अर्पित ने 87%, सुप्रिया ने 86% ,पीयूष ने 82 .2% ,लविश 80 .6% सलोनी ने 79 .2% प्रार्थना ने 79% ,पूर्णिमा ने 78.8%, दीपिका ने 78.8% ,आशीष सिंह ने 78.4%,सुहानी ने 78.4%, महक ने 76%, भावेश ने 76% ,आदित्य ने 75% ,जसकीरत ने 74.8% ,आरती ने 73% ,महक ने 72.6% ,अमन ने 71.4% अंक लेकर विद्यालय का नाम रोशन किया।

## गीता विद्यालय के 15 छात्रों ने मनवाया लोहा

**कुरुक्षेत्र।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा बारहवीं व दसवीं कक्षा का परिणाम घोषित किया गया। जिसमें गीता विद्यालय के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय से बारहवीं के कुल 123 छात्रों ने परीक्षा दी व दसवीं के कुल 130 छात्रों ने परीक्षा दी।जिसमें कक्षा 12वीं के 15 छात्रों ने मेरिट व 53 छात्रों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की। बारहवीं में विज्ञान संख्या के अमानत प्रतीक ने 94.6% अंक लेकर प्रथम स्थान व कुशान सैनी ने 80.8% अंक लेकर द्वितीय व देवांशु ने 79% अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया व कॉमर्स संकाय के छात्र पारस ने 89.2% अंक लेकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया व अनिकेत ने 85.2% अंक लेकर द्वितीय स्थान व विशेष ने 82.2% अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया व कला संकाय के छात्र हर्ष शर्मा ने 89.6% अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया व हिमांशु ने 85.4%अंक लेकर द्वितीय स्थान व वंश ने 83.6%अंक लेकर विद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त किया।





## जयराम स्कूल के बच्चों का परीक्षा में उत्कृष प्रदर्शन

**कुरुक्षेत्र।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड का 12वीं कक्षा और 10वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। देश के विभिन्न राज्यों में संचालित श्री जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष एवं श्री जयराम शिक्षण संस्थान के चेयरमैन ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी की प्रेरणा से श्रीमती केसरी देवी लोहिया जयराम पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने सीबीएसई परीक्षा परिणाम में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। जयराम पब्लिक स्कूल का 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। विज्ञान वर्ग में रविंद्र ने 94.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, गुंजन ने 87.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान, खुशप्रीत कलेर ने 85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। वाणिज्य संकाय में नैंसी ने 94.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, दीप्ति ने 92.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान, रितिका ने 91.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कला संकाय में दीक्षा ने 85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, रजनी ने 83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान, दिशा ने 82.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विभिन्न विषयों में शीर्ष पर रहने वाले विद्यार्थियों में खुशप्रीत कलेर ने 97 अंक अंग्रेजी और शारीरिक शिक्षा में, नीतू ने हिंदी में 98 अंक, सिमरन और सोनम ने पंजाबी में 100 अंक पाए।



## सतलुज स्कूल के विद्यार्थियों ने नाम किया रोशन

**शाहबाद।** मंगलवार को घोषित हुए सीबीएसई के कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम मे सतलुज स्कूल के विद्यार्थियों ने बल्ले-बल्ले कराई। यह जानकारी देते हुए प्राचार्य डॉक्टर आरएस घुम्मन ने बताया कि विद्यार्थी संकाय के छात्र साकेत ने 97.2% अंक प्राप्त करके विद्यालय में टॉप किया। इसके अलवा पलक ने 88.2%, रिदमदीप ने 86.8% सलोनी 84.2, वंश गोयल 80.8%, अभिषेक हरी 77.2%, आशीष 74.6%,हिमानी ने 73.6% खुशी ने 73.2% प्रीतपाल सिंह ने 71.4% ने अंक लेकर विद्यालय का नाम रोशन किया ' इसी प्रकार साइंस का परिणाम भी 100% रहा हरमनजीत कौर ने 91% अंक लेकर विद्यालय, माता पिता और सभी अध्यापकों का नाम रोशन किया इसके अतिरिक्त हर्ष प्रीत कौर ने 89%, माही सोई 87. 8%, छाया ने 87.2%, अर्पित ने 87%, सुप्रिया ने 86% ,पीयूष ने 82 .2% ,लविश 80 .6% सलोनी ने 79 .2% प्रार्थना ने 79% ,पूर्णिमा ने 78.8%, दीपिका ने 78.8% ,आशीष सिंह ने 78.4%,सुहानी ने 78.4%, महक ने 76%, भावेश ने 76% ,आदित्य ने 75% ,जसकीरत ने 74.8% ,आरती ने 73% ,महक ने 72.6% ,अमन ने 71.4% अंक लेकर विद्यालय का नाम रोशन किया।

# दसवीं-बारहवीं के परीक्षा परिणाम घोषित, स्कूलों में जश्न
# डीएवी की काश्वी ने 98.4 फीसदी अंक लेकर मारी बाजी

**बच्चों ने मिठाइयां बांटी** | **पुलिस डीएवी के साहिल ने कॉमर्स संकाय में 98.4 फीसदी अंक हासिल कर किया टॉप, कई छात्रों को गणित में मिले शत-प्रतिशत नंबर**




अंबाला। दसवीं कक्षा में मंगलवार को बाजी मारने वाले डीएवी स्कूल के छात्र और कॉमर्स में टॉप करने वाले साहिल को बधाई देते प्रिंसिपल।




पुलिस डीएवी में परिणाम आने के बाद जश्न मनाते दसवीं व 12वीं कक्षा के छात्र।

## पुलिस डीएवी के विद्यार्थियों ने बाज़ी मारी

अंबाला शहर के पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल, अम्बाला शहर का बारहवीं कक्षा का परिणाम हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी शत प्रतिशत व शानदार रहा। इस अवसर पर स्कूल प्रिंसिपल डॉ. विकास कोहली ने विद्यार्थियों की सफलता के बारे में बताते हुए कहा कि इस वर्ष सभी विद्यार्थी अच्छे अंक लेकर उत्तीर्ण हुए। 50 बच्चों ने 90% से अधिक अंक लेकर सफलता प्राप्त की। 14 विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में 100 में से 100 अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम रौशन किया। साहिल ने 98.4%अंक लेकर कॉमर्स में प्रथम स्थान प्राप्त किया। दीपांशी ने 96% अंक लेकर हयुमैनिटिस (आर्ट्स) में प्रथम स्थान प्राप्त किया। हिया तायल ने 95.8% अंक लेकर नॉन-मैडिकल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। मिताली शर्मा व कार्तिक ने 94 % अंक लेकर मेडिकल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर स्कूल प्रिंसिपल डॉ. विकास कोहली ने विद्यार्थियों की इस सफलता के लिए बच्चों को, उनके माता-पिता को व उनके अध्यापकों को बहुत-बहुत बधाई दी।



दसवीं में बाजी मारने वाले छात्रा काश्वी।



दसवीं में दूसरे स्थान पर रहने वाले आरव मित्तल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

सीबीएसई की ओर से घोषित दसवीं व 12वीं के परीक्षा परिणाम के बाद स्कूलों में जश्न का माहौल है। परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन करने वाले छात्रों को लेकर ज्यादातर स्कूलों में अभिभावकों के साथ शिक्षक भी बेहद खुश दिखे। होनहार छात्रों को स्कूल प्रबंधन की ओर से बधाई भी दी गई। अंबाला शहर के डीएवी पब्लिक स्कूल के छात्रों ने एक बार फिर अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता और अनुशासित कार्य संस्कृति का परचम लहराते हुए सीबीएसई द्वारा घोषित कक्षा 10वीं एवं 12वीं सत्र 2024–25 के परीक्षा परिणामों में शानदार सफलता प्राप्त की है। कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों ने असाधारण प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का गौरव बढ़ाया।

छात्रा काश्वी ने 98.4% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। आरव मित्तल ने 97.6% अंकों के साथ दूसरा और परखी सूरी ने 97.2% अंकों के साथ तीसरा व रिया ने 96.2% प्राप्त कर चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। कक्षा 12वीं में भी छात्रों ने उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की। विज्ञान संकाय (मेडिकल) की मेधावी छात्रा दीया चड्ढा ने 97% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान अर्जित किया और विद्यालय व माता-पिता का नाम रोशन किया। मानविकी संकाय की छात्रा मन्नत मट्या ने 96.8% अंक प्राप्त कर सभी का दिल जीत लिया। वाणिज्य संकाय में दीक्षित चावला 95.6% व गणित संकाय (नॉन-मेडिकल) में लक्षित कत्याल ने 95.2% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा 12वीं में पांच विद्यार्थियों ने इकोनॉमिक्स व संगीत विषय में में शत प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

### अंकित ने स्कूल में किया टॉप



अंकित

मुलाना। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने 12 वीं कक्षा व सीबीएसई बोर्ड ने मंगलवार को 10 वीं व 12 वीं की परीक्षाओं का परिणाम घोषित किया। हर बार की तरह इस बार भी कस्बा के कई होनहार विद्यार्थियों ने बाजी मारी है। आर्य सीनियर सैकेंडरी स्कूल ने एक बार फिर शैक्षणिक उत्कृष्टता का परिचय देते हुए 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में शत-प्रतिशत सफलता प्राप्त की है। विद्यालय के कॉमर्स संकाय के मेधावी छात्र अंकित कुमार, सुपुत्र श्री सुरेंद्र कुमार, ने 97% अंक प्राप्त कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री अशोक कुमार पुंडीर ने इस सफलता पर सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस के साथ ही एमएम इंटरनेशनल स्कूल की छात्राओं ने भी बेहतर परिणाम हासिल किया।

### दो विद्यार्थियों को मिले शत प्रतिशत

इस परीक्षाफल में न केवल विद्यालय के 50 से अधिक विद्यार्थियों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किए हैं बल्कि कक्षा 12वीं में 227 विद्यार्थियों ने व 10 वीं में 166 विद्यार्थियों ने प्रथम डिवीजन प्राप्त कर प्रमाणित कर दिया कि डीएवी की शिक्षा प्रणाली छात्रों के सर्वांगीण विकास में पूर्णतः सक्षम है। जैसे ही परिणाम घोषित हुआ, विद्यालय परिसर में छात्रों एवं अभिभावकों की भीड़ उमड़ पड़ी। हर तरफ़ उल्लास, मिठाइयाँ और बधाइयों का दौर शुरू हो गया। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को गले लगाकर बधाई दी और उनकी मेहनत को सराहा। अभिभावकों की आंखों में गर्व और संतोष साफ़ झलक रहा था। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. राधारमण सूरी ने इस उपलब्धि पर अत्यंत प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह परिणाम छात्रों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के निरंतर सहयोग का प्रतिफल है। डीएवी पब्लिक स्कूल सदैव गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ नैतिक मूल्यों को भी महत्व देता है और यही कारण है कि यहां का प्रत्येक छात्र सफलता की सीढ़ियाँ चढ़ता है।

### 12वीं का परीक्षा परिणाम रहा शानदार

बराड़ाः हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी द्वारा कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम घोषित किया गया जिसमें पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, उगाला के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 99.3% परिणाम हासिल किया। इस बारे में जानकारी देते हुए स्कूल के प्रिंसिपल जगदीश मेहरा ने बताया कि विद्यालय की आट्र्स श्रेणी की दीपिका पुत्री जसवीर ने 92.06% अंक प्राप्त कर सर्वोच्च स्थान हासिल किया। वहीं कॉमर्स संकाय में गुरनैना ने 92.02% अंक अर्जित किए, जबकि साइंस स्ट्रीम में अर्पिता जैन ने 83.4% अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। उन्होंने बताया कि विद्यालय के कुल 29 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया, जो विद्यालय की शिक्षा गुणवत्ता और मेहनती शिक्षकों की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। विद्यालय प्राचार्य व शिक्षकों ने विद्यार्थियों की सफलता पर खुशी जताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# कॉमर्स में कृष्टि ने किया टॉप, शिक्षकों ने सराहा



नारायणगढ़। मेधावी विद्यार्थियों के साथ विद्यालय का स्टॉफ व प्रिंसिपल। *फोटोः हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

न्यू सरस्वती सीनियर सेकेंडरी स्कूल नगला राजपूतान का 12वीं कक्षा का कला व वाणिज्य संकाय का परीक्षा परिणाम गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी उत्कृष्ट रहा है।स्कूल के वाणिज्य संकाय में कृष्टि पुत्री रामपाल ने 94.2 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया व आंचल ने 93.22 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय स्थान व तनु ने 90.82 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान पर रही कला संकाय की बात करें तो निकिता सैनी ने 93.62प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान व ईशा पुत्री रविंद्र शर्मा ने 91.62 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय स्थान तथा भावना ने 89.62 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया।



निकिता सैनी



आंचल

स्कूल के प्रधानाचार्य कर्म सिंह सैनी ने बताया कि बोर्ड की 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में 25 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक लेकर मेरिट सूची में अपना स्थान बनाया व शेष सभी विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की। इस शानदार परीक्षा परिणाम के लिए प्रधानाचार्य व उप प्रधानाचार्य अमिता सैनी जी , एडवाइजर रेणु -भूषण ने सभी स्टाफ सदस्यों , बच्चों व अभिभावकों को बधाई देते हुए बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की।

### कला संकाय में मुस्कान ने मारी बाजी



मुस्कान



शरणप्रीत कौर



रिषिका

नारायणगढ़। सीबीएसई द्वारा कक्षा 10वीं एवं 12वीं के छात्रों के घोषित परिणाम में पैरामाउंट कांवेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया। कला संकाय में मुस्कान ने 96.2 प्रतिशत , आर्यन ने 88.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। विज्ञान संकाय में शरणप्रीत कौर ने 94.4 प्रतिशतः अंक , आरवी बक्शी ने 84.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। वाणिज्य संकाय में रिषिका राणा ने 93.6 प्रतिशत अंक, यश ने 92.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इस उपलब्धि पर स्कूल की संचालिका किरण हंस और प्रधानाचार्या सरबजीत कौर ने सभी छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी।

### बारहवीं कक्षा में सानवीं बनी टॉपर




नारायणगढ़। बारहवीं की टॉपर सानवी और दसवीं कक्षा की टॉपर जोया। *फोटो : हरिभूमि*

नारायणगढ़। माउंट कार्मल इंटरनेशनल विद्यालय काठेमाजरा में 10वीं एवं 12वीं के परिणाम में छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन। सीबीएसई द्वारा कक्षा 10वीं एवं 12वीं के छात्रों का परिणाम घोषित किया गया । जिसमें स्कूल का परिणाम 100 प्रतिशत रहा। कक्षा 12वीं में नॉन मेडिकल से सानवी, कॉमर्स में अंशुल और ह्यूमेनिटीज से निखिल टॉपर रहे। कक्षा दसवीं से जोया 92.8 प्रतिशत लेकर प्रथम स्थान ,आर्यन 91.6 प्रतिशत लेकर दूसरे स्थान, एवं भूमिका 89.8 प्रतिशत लेकर तीसरे स्थान पर रही। सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में इस उत्कर्ष परिणाम के लिए माउंट कार्मल इंटरनेशनल विद्यालय के प्रबंधन और प्रधानाचार्या ने छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों को बधाई दी और विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### छात्र शुभम ने मारी बाजी

नारायणगढ़। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बधोली (14) में 12वीं कक्षा का परिणाम 100 प्रतिशत रहा जिनमें से 14 छात्र छात्राओं के अंक प्रतिशत 60प्रतिशत से अधिक रहे। चार बच्चों ने 80प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय एवं गांव का नाम रोशन किया। छात्र शुभम ने सबसे अधिक 83.4 प्रतिशत अंक प्राप्त करके विद्यालय व गाँव का नाम रोशन किया । द्वितीय स्थान पर नेहा ने 81.4 प्रतिशत, तृतीय स्थान पर इंदु ने 81 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। विद्यालय की प्रधानाचार्या कलावती ने व सभी अध्यापकगण ने विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

## खबर संक्षेप

### मारपीट केसः आरोपी जांच में शामिल

अंबाला। थाना अंबाला सदर में दर्ज मारपीट करने के मामले में पुलिस ने आरोपी सचिन को शामिल जांच किया है। गांव औजलों के जसबीर सिंह ने 18 अप्रैल 2025 शिकायत दर्ज करवाई थी कि 16 अप्रैल 2025 को आरोपी सचिन तथा अन्य ने उसका रास्ता रोककर उससे मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

अंबाला। थाना पंजोखरा में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी अभिषेक कुमार को गिरफ्तार किया है। इस मामले में प्रमोद कुमार निवासी सैक्टर-ए नजदीक शिव मंदिर डिफेंस कॉलोनी ने 29 अप्रैल 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 29 अप्रैल 2025 को आरोपी निशांत ने उसकी दुकान में घुसकर गल्ले से नकद राशि चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### कबूतरबाजी में आरोपी गिरफ्तार

अंबाला। थाना महेशनगर में दर्ज कबूतरबाजी के मामले में पुलिस ने आरोपी कुनाल को गिरफ्तार किया है। उसे एक दिन के रिमांड पर लिया है। पीड़ति महिला ने 18 फरवरी 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 3 जून 2024 से 18 फरवरी 2025 के दौरान आरोपी कुनाल ने उसे व उसके परिवार के सदस्यों को विदेश भेजने के मामले में उससे एक बड़ी रकम हड़पने की धोखाधड़ी की है। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

# अंबाला छावनी से धूलकोट तक 33केवी लाइन हटी, हजारों लोगों को मिली सुरक्षा

अंबाला। मंत्री अनिल विज के प्रयासों से अंबाला छावनी के हजारों निवासियों को उनके घरों के ऊपर गुजरती हाईटेंशन 33केवी बिजली लाइन से मुक्ति मिल गई है। इस कार्य के लिए भाजपा के नपा सदस्य संजीव अत्री, सोमनाथ, सतीश धीमान, रितु शर्मा, श्याम सुंदर अरोड़ा, रमन छतवाल, रेणु चौहान, भूपेश शर्मा, गौरव सैनी, मोहित कौशिक, रीना, शिल्पा पासी, भोली बिंद्रा, रश्मि वर्मा के अलावा भाजपा नेता विजेंद्र चौहान, किरणपाल चौहान, मदनलाल शर्मा, हर्ष बिंद्रा, विकास बहगल, रामबाबू यादव, भरत कोछड़, नरेंद्र राणा, फकीरचंद सैनी, गुरिंद्र सिंह गरनाला, रणधीर सिंह पंजोखरा साहिब, रोशन सिंह बरनाला, ऋषिपाल टुंडली, गुरमीत सिंह, बलवंत टुंडला व स्थानीय लोगों ने ऊर्जा मंत्री द्वारा जनहित को ध्यान में रखते हुए करवाए गए इस कार्य के लिए उनका हार्दिक धन्यवाद जताया है। भाजपा नेताओं ने कहा कि अंबाला छावनी 12 क्रास रोड स्थित 33केवी सब-स्टेशन से धूलकोट 220 केवी सब-स्टेशन 20 किमी. लंबी 33केवी लाइन को हटाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मंत्री अनिल विज के निर्देशों के तुरंत उपरांत इस लाइन में करंट को बंद कर दिया गया था और अब लाइन को उतारने करने का कार्य किया जा रहा है।

### इन कॉलोनियों से हटेगी लाइन



अंबाला। हटाई जा रह लाइन दिखाते भाजपा नपा सदस्य।

पार्षदों ने बताया कि 33 केवी लाइन अशोक नगर, पूजा विहार, करधान, नग्गल, रामपुर, सरसेहड़ी, आजाद नगर, आनंद नगर, दयालबाग व इसके आसपास कई कॉलोनियों, बब्याल, बोह, डिफेंस कालोनी के अलग-अलग सेक्टरों के अलावा डिफेंस कालोनी गुरुद्वारा, शिव मंदिर, सरसेहड़ी, टुंडला, टुंडली, गरनाला व नारायणगढ़ रोड, बलदेव नगर की अलग-अलग कॉलोनियों से होते हुए धूलकोट सब स्टेशन तक हट रही है। इन कॉलोनियों के निवासियों को लाइन हटने से लाभ मिला है। गौरतलब है कि विद्युत विभाग द्वारा 20 किमी. लंबी 33केवी लाइन को डिस्मेंटल करने का काम तेजी से इस समय किया जा रहा है जिसे एक माह में पूरा करने का लक्ष्य है। 33केवी लाइन का लोड अम्बाला छावनी 12 क्रास रोड स्थित 66 केवी सब स्टेशन पर शिफ्ट किया गया है जिससे छावनी को निर्बाध विद्युत आपूर्ति हो रही है। इसी तरह, 20 किमी. लंबी लाइन हटाने के लिए बिजली निगम द्वारा लगभग 200 से ज्यादा लोहे व पीसीसी पोल हटाए जा रहे हैं।

# 12वीं एवं 10वीं के परीक्षा परिणाम में सूरज स्कूल का शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। विजय चिह्न बनाकर खुशी जाहिर करते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

सीबीएसई द्वारा घोषित 12वीं के परीक्षा परिणाम में सूरज स्कूल के विद्यार्थियों ने असीम सफलता प्राप्त की व पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ते हुए नए शिखर को छुआ। सूरज स्कूल निदेशक संदीप प्रसाद ने बताया कि इस परीक्षा परिणाम में नॉन मेडिकल संकाय से होनहार छात्र इरफान खान पुत्र शबिर मोहम्मद ने 97.6 प्रतिशत अंक के साथ स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में योगेश रोहिल्ला पुत्र राजेश कुमार ने 97.2, उषा पुत्री अनुप सिंह ने 97.0, खुशी पुत्री लक्ष्मण ने 97.0, खुशी पुत्री जोगेंद्र ने 97.0, वंशिका पुत्री हितेश चौहान ने 96.8, साक्षी पुत्री देवेंद्र यादव ने 96.8, खुशी पुत्री सुनील कुमार ने 96.8, अमृता चौरसिया पुत्री अनिल चौरसिया ने 96.8, आशना पुत्री अनिल कुमार ने 96.4, प्रतिभा पुत्री सुनील कुमार ने 96.0, खुशबू यादव पुत्री मुकेश कुमार ने 95.8, प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय की टॉप-10 सूची में नाम दर्ज करवाया। इसी के साथ कक्षा 10वीं के घोषित परिणाम में छात्र यश अग्रवाल ने 99.0 प्रतिशत अंक साथ विद्यालय में टॉप किया। इसी क्रम में छात्र अंशिका यादव ने 98.6, मानसी ने 98.4, आदि ने 98.4, अर्पित राज पाठक ने 98.2, यशु ने 98.2, हरीश ने 98.2, कार्तिक कुमार ने 97.4, पलक यादव ने 97.2, इशिका श्रीवास्तव ने 97, लक्षिता ने 96.6, रितिका ने 96.6, रजत शर्मा ने 96.4, मोहित यादव ने 96.4, शुभम ने 96.2, अंजलि यादव ने 96, रूपेश नरुका ने 95.8 आदि विद्यार्थियों ने बेहतरीन अंक के साथ परीक्षा उत्तीर्ण की। जैसे ही परीक्षा परिणाम की घोषणा हुई विद्यार्थियों में खुशी की लहर दौड़ गई।

# समस्त समग्र शिक्षा टीम को आचार्य द्रोण बनने का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अतिरिक्त उपायुक्त एवं समग्र शिक्षा के अध्यक्ष डॉ ब्रह्मजीत सिंह की अध्यक्षता में शिक्षा सदन अंबाला में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इसमें खंड संसाधन समन्वयक, खंड संसाधन समन्वयक समावेशी शिक्षा, समस्त बीआरपी, एबीआरसी, स्पेशल टीचर्स , वोकेशनल अध्यापक , आईओएलएम, जेई सहित समग्र शिक्षा की टीम ने भाग लिया। कार्यक्रम के आरंभ में जिला परियोजना समन्वयक ज्योति रानी, उप जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद राणा, सहायक परियोजना समन्वयक पूजा शर्मा, हरजिंदर ने मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ भेंट करते हुए उनका स्वागत किया। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त ने समग्र शिक्षा द्वारा क्रियान्वित विभिन्न योजनाओं जैसे प्रारंभिक बाल्यावस्था संबंधित शिक्षा पाठ्यक्रम, व्यवसायिक शिक्षा, समावेशी शिक्षा, आउट ऑफ स्कूल चिल्ड्रन, सिविल वर्क, पीएम विद्यालय इत्यादि विभिन्न घटकों के बारे में पूर्वक चर्चा की। इस समीक्षा बैठक के माध्यम से मुख्य अतिथि द्वारा जहां समस्त समग्र शिक्षा टीम को आचार्य द्रोण बनने का संदेश दिया गया, वही बच्चों में जिज्ञासु प्रवृत्ति के साथ-साथ वैज्ञानिक दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करने पर बल दिया गया। कार्यक्रम के अंत में जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार एवं समस्त समग्र शिक्षा टीम द्वारा मुख्य अतिथि को पर्यावरण का प्रतीक पौधा भेंट कर उनका आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर एओ भूपिंदर सिंह , एसडीई राहुल भारद्वाज, उप अधीक्षक राजेश कुमार, डीएमएस सुशील अरोड़ा, डीएसएस पूजा भारद्वाज भी उपस्थित रहे।

# वॉलीबाल प्रतियोगिता पर गांधी सदन ने मारी बाजी



अंबाला। डीएवी सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल, अंबाला शहर के प्रांगण मे व मई को इंटर हाउस वॉलीबॉल प्रतियोगिता कराई गई जिसमें चारों सदनों गांधी सदन, दयानन्द सदन, टैगोर सदन और विवेकानंद सदनों के कुल 48 छात्रों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में गाँधी सदन प्रथम और विवेकानंद सदन द्वितीय स्थान पर रहा। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. आरआर सूरी जी ने सभी विजेता छात्रों को बधाई दी व सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि खेलों से ही व्यक्ति स्वस्थ रहता है और स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का निवास होता है। छात्रों को इसी तरह खेलों में भाग लेना चाहिए। खेलों में हार-जीत तो चलती रहती है लेकिन महत्वपूर्ण है खेलना। ये प्रतियोगिता खेल विभाग के सीनियर कोऑर्डिनेटर श्री सुरेश कौल, श्री स्वर्ण कुमार, जगतार सिंह, हर्ष कुमार और श्री वरुण खेल अध्यापकों के मार्गदर्शन में संपन्न हुई।

# अंत्योदय सरल पोर्टल पर सर्विस उपलब्ध करवाने के जिला अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

- प्रदेश में 9.3 की मिली ग्रेडिंग

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बताया कि अंत्योदय सरल पोर्टल पर विभिन्न विभागों द्वारा क्रियान्वित सर्विस को उपलब्ध करवाने के तहत जिला प्रदेश में 9.3 के साथ प्रथम स्थान पर है। उन्होंने विभागों द्वारा क्रियान्वित सर्विस का लाभ समय रहते उपलब्ध करवाने के लिए विभागीय अधिकारियों की भी सराहना की है।

उपायुक्त ने बताया कि लोगों को विभिन्न विभागों द्वारा क्रियान्वित सर्विस का लाभ सुगमता से और समयबद्ध तरीके से मिले, इसके तहत अंत्योदय सरल पोर्टल के माध्यम से यह कार्य किया जा रहा है। इस पोर्टल के माध्यम से आमजन बिजली, पानी, लाइसेंस, आरसी., रिहायशी प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र इत्यादि सेवाओं का लाभ ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि अंतोदय सरल पोर्टल के माध्यम से प्रार्थी ने जिस भी कार्य के लिए आवेदन किया है उस कार्य की वह प्रगति भी जान सकता है। सरकार का ध्येय है कि लोगों को विभिन्न विभागों द्वारा क्रियान्वित सेवाओं एवं योजनाओं का लाभ सुगमता से मिले। आमजन इस पोर्टल के माध्यम से अपने कार्य को करवा रहे हैं। उपायुक्त ने यह भी बताया कि समय-समय पर विभागों की बैठक लेकर अंतोदय सरल पोर्टल के तहत समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए जाते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि कोई भी व्यक्ति ऑनलाईन प्रक्रिया के माध्यम से इस पोर्टल पर जाकर उसे सम्बन्धित विभाग से जिस भी कार्य के लिए आवेदन करना है उसकी सम्पूर्ण जानकारी भी मिल जाती है। उन्होंनें बताया कि इस पोर्टल पर 64 विभागों की 938 सेवाएं क्रियान्वित है। एसडीएम भी समय-समय पर अंतोदय सरल पोर्टल के माध्यम से दी जा रही सेवाओं की समीक्षा भी करते हैं। मकसद आमजन को सरकार द्वारा उपलब्ध करवाई जा रही सेवाओं एवं योजनाओं को सुगमता से उपलब्ध करवाना है।